medicare

**Mental Health**



# बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs)

## मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य क्या है?

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य ऑस्ट्रेलिया में हर किसी को नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण सेवाएँ प्रदान करता है। इन सेवाओं में से हमारी किसी भी सेवा को प्राप्त करने के लिए आपको अपॉइंटमेंट या रेफ़रल की आवश्यकता नहीं है।

## मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य किस प्रकार की सेवाएँ प्रदान करता है?

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य आपको आपके लिए उपयुक्त मानसिक स्वास्थ्य सहायता से जोड़ता है। चाहे वह सहायता हमारी वेबसाइट के माध्यम से हो, फ़ोन द्वारा, या आमने-सामने, हम आपको सलाह देने और आपका मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध हैं।

### मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य | medicarementalhealth.gov.au

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य की वेबसाइट विश्वसनीय जानकारी, सेवाओं और संसाधनों को एक साथ प्रस्तुत करती है, जिससे आपको आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप उपयुक्त देखभाल से जुड़ने में मदद मिलती है। वह देखभाल मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवा द्वारा प्रदान की जा रही हो सकती है या किसी अन्य नि:शुल्क या कम शुल्क वाले मानसिक स्वास्थ्य प्रदाता के द्वारा दी जा रही हो सकती है।

### मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य | 1800 595 212

ऑस्ट्रेलिया में कोई भी मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य को 1800 595 212 पर, सप्ताह के काम के दिनों में (weekdays) सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक (सार्वजनिक छुट्टियों के अलावा) मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण में सहायता के लिए नि:शुल्क कॉल कर सकता है। आप एक प्रशिक्षित पेशेवर से बात करेंगे जो आपको स्थानीय मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं और आपके लिए उपयुक्त सहायता प्राप्त करने में सहायता कर सकता/सकती है।

### मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र स्वागतपूर्ण और पूर्वाग्रह से रहित स्थान हैं जहाँ आप नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सेवाएँ और सहायताएँ प्राप्त कर सकते हैं। वे उन लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करते हैं जिन्हें इसकी आवश्यकता है, जिसमें उनके परिवार और देखभालकर्ता शामिल हैं।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र अतिरिक्त घंटे खुले रहते हैं, और आपको अपॉइंटमेंट या रेफ़रल की आवश्यकता नहीं है।

### मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य किड्स हब्स

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य किड्स हब्स 0 से 12 वर्ष की आयु तक के बच्चों और उनके परिवारों, देखभालकर्ताओं और परिजनों के लिए नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य सहायता और सेवाओं को प्राप्त करने के लिए एक स्वागतपूर्ण स्थान प्रदान करता है। किसी औपचारिक निदान या रेफ़रल की आवश्यकता नहीं है। अनुभवी कर्मचारियों की एक टीम नि:शुल्क और गोपनीय सहायता प्रदान करती है, जो यह समझती है कि प्रत्येक बच्चा और परिवार अद्वितीय है।

## मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को कौन प्राप्त कर सकता है?

ऑस्ट्रेलिया में कोई भी मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवा का उपयोग कर सकता है।

## क्या मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ नि:शुल्क हैं?

जी हाँ। मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ नि:शुल्क हैं। इन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए आपको अपॉइंटमेंट या रेफ़रल की आवश्यकता नहीं है।

## मैं मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ कैसे प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ सभी के लिए उपलब्ध हैं और नि:शुल्क हैं।

आप उस तरीके से जुड़ सकते हैं जो आपको अपने लिए सही लगता है - राष्ट्रीय फ़ोन सेवा, वेबसाइट के माध्यम से, या वयस्कों और बच्चों के लिए आमने-सामने मिलने के स्थानों में से किसी एक पर जाकर।

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य को 1800 595 212 पर कॉल करें या medicarementalhealth.gov.au पर जाएँ।

## मुझे कैसे पता चलेगा कि मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य मेरे लिए सही है?

शुरुआत करने के लिए मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य एक सुरक्षित जगह है। आप हमें ऑस्ट्रेलिया में कहीं से भी 1800 595 212 पर नि:शुल्क कॉल कर सकते हैं। हम आपकी आवश्यकताओं और लक्ष्यों को सुनेंगे, समझेंगे, और आपको मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण की जानकारी, सेवाओं और सहायताओं से जोड़ेंगे जो आपके लिए उपयुक्त हों।

यदि हमें लगता है कि आपको किसी अन्य प्रदाता के द्वारा प्रदान की जा रही सहायता से लाभ होगा, तो हम आपके क्षेत्र में एक उपयुक्त सेवा प्रदाता को खोजने के लिए आपके साथ काम करेंगे। इसमें आपको अन्य नि:शुल्क या कम शुल्क वाली सेवाओं से जोड़ना शामिल हो सकता है।

अन्य सेवाएँ जो उसी इमारत में स्थित हैं जहाँ मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र या मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य किड्स हब हैं, तो वे शुल्क ले सकती हैं। सेवा प्रदान करने से पहले कर्मचारी लिए जाने वाले किसी भी शुल्क के बारे में आपको बताएँगे।

## मैं परिवार के किसी सदस्य या मित्र के बारे में चिंतित हूँ, क्या मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सहायता कर सकता है?

जी हाँ। मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य ऑस्ट्रेलिया में प्रत्येक को सेवाएँ प्रदान करता है जो मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता और मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहते हैं, चाहे वे परिवार के सदस्य, देखभालकर्ता या परिजन हों।

## क्या मुझे मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त करने के लिए मेडिकेयर कार्ड की आवश्यकता है?

जी नहीं। मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त करने के लिए आपको मेडिकेयर कार्ड की आवश्यकता नहीं है?

## क्या मुझे मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त करने से पहले रेफ़रल या मानसिक स्वास्थ्य उपचार योजना प्राप्त करने के लिए अपने जीपी, या किसी अन्य स्वास्थ्य प्रदाता के पास जाना होगा?

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को प्राप्त करने के लिए आपको रेफ़रल या मानसिक स्वास्थ्य उपचार योजना की आवश्यकता नहीं है।

## मैं पहले से ही एक मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से मुलाक़ातें कर रहा/रही  हूँ। क्या मैं अभी भी मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य की सेवाएँ प्राप्त कर सकती/सकता हूँ?

जी हाँ। मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ नि: शुल्क हैं और यदि आप निजी तौर पर मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से किसी भी प्रकार की देखभाल प्राप्त कर रहे हैं और उसमें मानसिक स्वास्थ्य उपचार योजना भी शामिल है तो भी आप मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आप मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र या मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य किड्स हब (Medicare Mental Health Kids Hub) पर जाते हैं, तो कृपया उन्हें बताएँ कि क्या आप पहले से ही किसी संबंधित मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से मिल रहे हैं। यह जानकारी उन्हें उन सेवाओं और सहायता को खोजने में सहायता करती है जो आपको पहले से प्राप्त देखभाल के साथ सबसे अच्छा काम करेंगी।

## क्या मेरी गोपनीयता को बनाए रखा जाएगा?

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य नि:शुल्क और गोपनीय मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सेवाएँ या सहायता प्रदान करता है।

यदि आप सहमति देते हैं, तो हम आपके जीपी या अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के साथ आपको दी गई किसी भी सलाह और आपकी स्वास्थ्य योजनाओं के सभी या कुछ हिस्सों को साझा कर सकते हैं। यदि आप इस जानकारी को अपने वर्तमान स्वास्थ्य प्रदाताओं के साथ साझा नहीं करना चाहते हैं, तो यह भी ठीक है।



यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम आपको सर्वोत्तम संभव सेवाओं से जोड़ सकते हैं और आपकी सभी आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं, हम आपको अपने जीपी या अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के साथ हमसे प्राप्त किसी भी अतिरिक्त सलाह या सहायता पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## मैं अँग्रेज़ी नहीं बोलता/बोलती। अनुवाद और दुभाषिए की कौन-कौन सी सेवाएँ उपलब्ध हैं?

यदि आपको अपनी भाषा में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता चाहिए, तो अनुवाद और दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service - TIS National)के माध्यम से हमसे संपर्क करें। टिस नेशनल 100 से अधिक भाषाओं में अनुवाद और दुभाषिया सेवा प्रदान करता है और स्थानीय कॉल के शुल्क पर दिन के 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध है:

1. टिस नेशनल को 131 450 पर कॉल करें।
2. ऑपरेटर को वह भाषा बताएँ जो आप बोलते हैं।
3. दुभाषिए से 1800 595 212 पर कॉल करने के लिए कहें।

हो सकता है कि आपको दुभाषिए के लिए टेलीफ़ोन लाइन पर प्रतीक्षा करनी पड़ें, या हो सकता है कि ऑपरेटर दुभाषिया उपलब्ध होने पर आपको वापस कॉल करे। जब आप दुभाषिए से बात कर रहे होंगे, तो वे आपके लिए हमारी फ़ोन सेवा को कॉल करेंगे और आपकी बातचीत का मौखिक अनुवाद करेंगे। आप अधिक अनुवाद और दुभाषिया सेवाओं के लिए National Accreditation Authority for Translators and Interpreters (NAATI) (नाटी) की वेबसाइट पर भी जा सकते हैं।

## क्या मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य नया मेडिकेयर कार्ड लेने या मेडिकेयर दावे (claim) में मेरी सहायता कर सकता है?

जी नहीं। यदि आपको मेडिकेयर कार्डों, दावों और भुगतानों के बारे में विशिष्ट पूछताछ करनी हैं, तो मेडिकेयर को 132 011 पर कॉल करें।

## क्या मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य संकट या आपातकालीन सहायता प्रदान करता है?

जी नहीं। मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य संकट या आपातकालीन सेवा नहीं है। तत्काल सहायता के लिए, लाइफ़लाइन (Lifeline) को 13 11 14 पर कॉल करें या 1300 659 467 पर सुसाइड कॉल बैक सर्विस को कॉल करें। यदि आपको तत्काल सहायता की आवश्यकता है या आपको या दूसरों को नुक़सान होने का ख़तरा है, तो तुरंत तीन शून्य (000) पर कॉल करें।

## मुझे मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में और जानकारी कहाँ मिल सकती है?

मेडिकेयर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में अधिक जानने के लिए medicarementalhealth.gov.au पर जाएँ या 1800 595 212 पर कॉल करें।

